तापमान
अधिकतम 37.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि कांकेर भूमि

रायपुर, सोमवार, 28 अप्रैल 2025

14 हिंसा और नक्सली अशांति के लिए चर्चित छग...



14 पहलगाम आतंकी हमला का विरोध कांग्रेस ने...





## खबर संक्षेप



### समता नगर के बिजली खंभे में लगी आग

**कांकेर।** जिला मुख्यालय से लगे समता नगर में 27 जनवरी की शाम लगभग पौने 7 बजे एक खंभे में आग लग गई, जिसके चलते पूरे मुहल्ले की बिजली बंद हो गई। यह ईलाका कांकेर ग्रामीण के ईलाके में आता है। स्टाफ को जानकारी दिए जाने के आधा घंटा बाद भी बिजली विभाग का अमला नहीं पहुँचा।

### सामुदायिक पुलिसिंग में ग्रामीणों से हुए रूबरू



**कांकेर।** अंतागढ़ विकासखंड के ग्राम नागरबेड़ा में सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें ग्राम सेंदुरमेटा, चंगोड़ी, टिमनार, ऐटेगांव एवं नागरबेड़ा के ग्रामीण शामिल हुए। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों को वर्तमान परिवेश में हो रहे साइबर अपराध ऑनलाइन फ्रॉड के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी देकर, इससे बचने के उपाय भी बताये गए। साथ ही साथ महिला व बालक से संबंधित अपराध तथा वाहन दुर्घटना के कारण एवं इसके रोकथाम के बारे में चर्चा किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को साड़ी, पुरुषों को लुंगी तथा बच्चों एवं नवयुवकों खेल सामग्री वितरित किया गया।

### भूरसा तरहुल में देव मेला आज से होगा शुरू

**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत तरहुल के आश्रित ग्राम भूरसा तरहुल मे दो दिवसीय देव मेला का आयोजन का शुभारंभ आज 28 अप्रैल से होगा और समापन 29 अप्रैल को होगा। देव मेला में आसपास के ग्रामीण देवी, देवता के अलावा महिला, पुरुष, व्यापारी, युवक, युवती और बच्चे शामिल होंगे । रात्रिकालीन छत्तीसगढ़ नाचा पार्टी मानपुर मोहला जिला का आयोजन रखा गया है। इस मेला के उपलक्ष्य में दो दिन का मुर्गा बाजार रखा गया है। मेले की तैयारी में गायता रामलाल कोरेटी, रजमन पुड़ो, चन्दन कोरेटी एवं समस्त वार्ड पंच और ग्रामवासी डटे हुए है।

### जनचौपाल के शिविरों की तिथियों में आंशिक संशोधन

**कांकेर।** जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं का आंकलन करने के लिए जनपद पंचायतों के समस्त ग्राम पंचायतों में जनचौपाल का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें अंतागढ़ एवं नरहरपुर विकासखंड में शिविर 25 अप्रैल को आयोजित किया गया। शेष शिविर का आयोजन को 03 संशोधित तिथियों में किया जाएगा। जिला पंचायत के सीईओ हरेश मंडावी ने बताया कि संशोधित तिथि के अनुसार सोमवार 28 अप्रैल को जनपद पंचायत चारामा, 30 अप्रैल को जनपद पंचायत भानुप्रतापपुर, 1 मई को जनपद पंचायत दुर्गुकोंदल और जनपद पंचायत कांकेर व कोयलीबेड़ा में 2 मई को जनचौपाल शिविर का आयोजन किया जाएगा।

### ग्राम मंगहूर के तालाब में डूबने से ग्रामीण की मौत

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत थाना बड़गांव के ग्राम मंगहूर निवासी रामसाय यादव की 26 अप्रैल को दोपहर को पीव्ही 01 के तालाब में गया था। तालाब में डूबने से रामसाय की मृत्यु हो गई। परिजनों ने घटना की जानकारी पखांजुर पुलिस को दिया। पुलिस ने मर्ग कायम ▶▶ शेष पेज 12 पर

## मौसम : बारिश हो जाने से रविवार को पांच डिग्री तापमान लुढ़का, लोगों ने ली राहत की सांस

# मौसम ने बदली करवट, रात में तेज हवाओं के साथ जिलेभर में हुई झमाझम बारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

शनिवार 26 अप्रैल को दोपहर बाद से मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा था और धूप गायब हो गई थी, जैसा दो से तीन दिनों से हो रहा था।

- मक्का की फसल कटकर खेत में थी, बारिश में भीगा मक्का, गुणवत्ता पर पड़ेगा असर
- एक मई तक चलता रहेगा बादलों की लुकाछिपी का खेल

बीती रात को अचानक बादलों की गड़गड़ाहट के साथ बारिश शुरू हुई और सुबह साढ़े 5 बजे तक बारिश होती रही। बारिश होने से कम से कम 5 डिग्री तापमान लुढ़क गया। पश्चिमी विक्षोभ के असर से 1 मई तक बादल छाए रहने की संभावाना है, यानी 1 मई तक बादलों की लुकाछिपी का खेल चलता रहेगा।

कांकेर जिला मुख्यालय सहित पूरे जिले में मौसम का मिजाज एक बार फिर बदला हुआ है। शनिवार की रात के बाद मौसम ने अचानक करवट लिया, जहां शनिवार की सुबह से तेज धूप और गर्मी ने लोगों को परेशान कर दिया था, वहीं शाम होते-होते आसमान में काले बादल छा गए और तेज आंधी जैसी हवाएं चलने लगीं। कुछ ही देर में तेज हवाओं के साथ जोरदार ओलावृष्टि शुरू हो गई, तेज हवाओं के साथ झमाझम बारिश हुई। बारिश से तापमान में गिरावट आई और लोगों को गर्मी से राहत मिली। इस अचानक बदले मौसम के कारण आम जनजीवन कुछ समय के लिए अस्त-व्यस्त हो गया। बीती रात को बारिश जिले के सभी तहसील में देखने को मिली। रात को बारिश हो जाने से ग्रामीण क्षेत्रों में आम जनजीवन पूरी तरह से प्रभावित हो गया। शादी का मौसम होने के कारण लोग खुले में शादी का आनंद उठा रहे थे, परंतु औचक बारिश हो जाने से शादी का मजा बिगड़ गया। शादी वाले घर के लोगों को बेहद परेशानी का सामना करना पड़ा।





अप्रैल का महिना आते ही आसमान से आग बरसनी शुरू हो गई थी। कांकेर जिले सभी तहसील के ईलाके गर्मी से झुलस रहे थे। कांकेर जिले का अधिकतम तापमान 41 डिग्री को पार कर चुका था, लेकिन 26 अप्रैल की सुबह अचानक मौसम ने करवट बदला। आसमान में मेघों ने दस्तक दी। अचानक गर्मी छूमंतर हो गई और ठंडी हवाओं ने लोगों के चेहरों पर मुस्कान ला दी। मौसम विभाग के अनुसार, अगले पांच दिनों तक आसमान में बादल रहेंगे। मौसम के सभी सिस्टम पश्चिमी विक्षोभ, चक्रवती परिसंचरण, टर्फ लाइन सक्रिय हो गए और 26 अप्रैल की रात एवं 27 अप्रैल की सुबह ओलावृष्टि, बारिश, आंधी और तूफान चक्रवात देखने को मिला और ऐसा 1 मई तक बने रहने की संभावना है। तापमान में 5 से 6 डिग्री की गिरावट देखने को मिली।

### गेहूं व मक्के की फसल पर पड़ेगा असर

कृषि वैज्ञानिकों का कहना है कि फिलहाल गेहूं की फसल की कटाई का कार्य जारी है। ऐसे में किसान जल्द से जल्द अपनी फसलों को काट लें। अगर बारिश होती है तो वह कटाई का कार्य रोक दें। वहीं किसानों का कहना है कि गेंहू की फसल पक कर खड़ी है। अगर बारिश हुई तो फसल का बर्बाद होना तय हैं। मक्के की फसल कटकर खेतों में रखी है और बीती रात को हुई बारिश से मक्का पूरी तरह से गीला हो गया है। गुणवत्ता पर कितना प्रभाव पड़ेगा, मौसम खुलने के बाद ही पता चल सकेगा।

### खुले में रखा धान हुआ गीला

कांकेर जिले के कई समितियों में खुले में धान रखा हुआ है और बीती रात में हुई बारिश के चपेट में आने से धान की गुणवत्ता पर असर पड़ना तय है। समितियों का नुकसान होना तय है। इस बार धान का उठाव समय पर नहीं होने से समितियों का लाखों का नुकसान होगा। समिति प्रबंधक भी धान के उठाव नहीं होने से परेशान बने हुए है।

### ग्रामीण अंचल में विद्युत आपूर्ति रही बाधित

तेज हवाओं के कारण विद्युत आपूर्ति भी ग्रामीण क्षेत्र में बाधित हो गई। कई घंटे तक बिजली बाधित होने की जानकारी लाईनमैन को दिए जाने के बाद भी सुधार नहीं हो पाया। अंचल में जगह-जगह शादी का कार्यक्रम चल रहा था, जिससे रात्रि में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। तेज बारिश हो जाने से जनजीवन में असर पड़ा और ग्रामीण ईलाके के लोग रातभर परेशान रहे।

## भानुप्रतापपुर से संबलपुर जाने वाले मार्ग पर रेलवे ओवर ब्रिज में छाया रहा अंधेरा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भानुप्रतापपुर

शहर से संबलपुर जाने वाले मार्ग पर स्थित रेलवे ओवरब्रिज पर बीती रात को अंधेरे में डूबा रहा । ब्रिज में लगी स्ट्रीट लाईट पूरी तरह से बंद रही। नगर के नजदीक होने के बाद भी संबंधित विभाग के अमले ने गंभीरता नहीं दिखाया। जानकारी के अनुसार बीती रात यानी 26 अप्रैल की रात को रेलवे ब्रिज के अंधेरे में डूबने के चलते राहगीरों ने संबंधित विभाग के अमले के संज्ञान में लाया। परंतु जिम्मेदारों ने गंभीरता नहीं दिखाई और रातभर ब्रिज में अंधेरा छाया रहा। ब्रिज की स्ट्रीट लाइट किन कारणों से बंद रही, इसे कोई बताने के लिए सामने नहीं आया।

नगरवासियों ने माँग किया है कि नगर की स्ट्रीट लाइट बंद होती है तो इसके लिए एक संबंधित विभाग एक टीम का गठन करे। जिससे अंधेरा होते समय सभी मुहल्ले का निरीक्षण करें और अंधेरे में डूबे इलाके को रोशन कर सके। नगरवासियों ने एसडीएम से माँग किया है कि यह समस्या आएं दिन देखने को मिलती रहती है, इसका निराकरण के लिए पहल किया जाए, जिससे नगरवासियों को इस समस्या से राहत मिल सके।

## पटवारी संघ के अध्यक्ष के लिए हुए चुनाव में जय 56 वोट से रहे विजयी





हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

पटवारी संघ के द्वारा आयोजित जिलास्तरीय सम्मेलन में पटवारी संघ के अध्यक्ष के लिए चुनाव हुआ

- जिला सचिव के पद पर रिजवान अहमद खान व कोषाध्यक्ष के पद पर नितेश जोशी निर्विरोध जीते

जिसमें दो पटवारी जय कश्यप एवं अशोक दीपक ने नामांकन दाखिल किया। मतदान के उपरांत मतगणना में जय कश्यप को 78 और अशोक दीपक को 32 वोट मिले। इसके अलावा जिला सचिव के पद पर रिजवान अहमद खान एवं कोषाध्यक्ष के पद पर नितेश जोशी निर्विरोध निर्वाचित हुए। इसके अलावा पदोन्नत और अन्य पदों पर चयनित पटवारी को सम्मानित किया गया। कांकेर जिलामुख्यालय में पुराने कम्युनिटी हाल में 26 अप्रैल को आयोजित जिला स्तरीय सम्मेलन का शुभारंभ सेवानिवृत्त पटवारी साधुराम यादव, हिरामन यादव, तहसीलदार पुष्पराज पात्र, सहायक अधीक्षक रतिराम साहू के द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर प्रारंभ किया गया। संबोधन सत्र के दौरान प्रांत से नियुक्त निर्वाचन पर्यवेक्षक एवं पार्टी प्रवक्ता वीरेंद्र बैस एवं रोशन पटेल , तहसीलदार एवं जिला अध्यक्ष जय कश्यप ने संगठन को मजबूत करने की बात कही। इसके उपरांत नव पदस्थ 12 पटवारियों को प्रतीक चिन्ह प्रदान कर राजस्व पटवारी संघ की सदस्यता प्रदान किया गया तथा उनके बेहतर शासकीय सेवा की कामना की गई। कांकेर जिला जिला का अंतर्गत पटवारी पद से तहसीलदार के पद पर चयनित आशुतोष शर्मा, जनपद पंचायत सीईओ के पद पर चयनित उदय नाग एवं फूड एंड सेफ्टी ऑफिसर ▶▶ शेष पेज 12 पर



## पहलगांव आतंकी हमले के शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि, सर्व समाज ने दिखाई एकजुटता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सरोना

जम्मू-कश्मीर के पहलगांव में हुए आतंकवादी हमले ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। इस हमले में निर्दोष

- शोकसभा में दो मिनट का रखा गया मौन

नागरिकों की हुई निर्मम हत्या के विरोध में ग्राम सरोना के अटल चौक पर रविवार 27 अप्रैल को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस आयोजन में सर्व समाज के लोगों ने भाग लिया और आतंकवाद के खिलाफ एक स्वर में विरोध दर्ज कराते हुए देश की एकता और अखंडता का संकल्प दोहराया। सभा के प्रारंभ में शहीदों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। इसके पश्चात श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उपस्थित जनसमूह ने आतंकवाद मुर्दाबाद, पाकिस्तान मुर्दाबाद जैसे नारों से वातावरण को गुंजायमान कर दिया। नागरिकों में आतंकवाद को लेकर आक्रोश स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। सभा को संबोधित करते हुए ग्राम समिति अध्यक्ष अजय हिरवानी ने कहा आतंकवाद मानवता का सबसे बड़ा शत्रु है। निर्दोष लोगों की हत्या करने वाले आतंकवादियों को किसी प्रकार की दया नहीं मिलनी चाहिए। सरकार को चाहिए कि इन दरिंदों को जल्द पकड़कर फांसी की सजा दी जाए। पूर्व उपसरपंच यशवंत सुरोजिया ने कहा यह हमला सिर्फ निर्दोषों पर नहीं, बल्कि देश की आत्मा पर हमला है। पाकिस्तान पोषित आतंकवादी हमें धर्म के नाम पर बांटना चाहते हैं, लेकिन हम भारतीय पहले हैं। अब समय आ गया है कि सरकार कड़े कदम उठाए और इन अमानवीय ताकतों को जड़ से खत्म करे। सभा के अंत में उपस्थित नागरिकों ने आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता की शपथ ली और यह संकल्प लिया कि गांव-गांव जाकर लोगों को जागरूक करेंगे, ताकि आतंकवादी ताकतें अपने मंसूबों में कभी कामयाब न हो सकें। मानवता, एकता और राष्ट्रीय चेतना को बनाए रखना ही आतंक के खिलाफ सबसे बड़ा हथियार है। श्रद्धांजलि सभा में जिला पंचायत उपाध्यक्ष तारा ठाकुर, ग्राम पटेल मोहन नेताम, जनपद सदस्य चिंतामणि रामटेके, सरपंच दीपिका वटटी, उपसरपंच दिनेश सहारे, पूर्व ▶▶ शेष पेज 12 पर

## भारत की आने वाली पीढ़ी को भारतीय वेद, शास्त्र व ज्ञान-दर्शन की है जरूरत : स्वामी आदित्य देव




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भानुप्रतापपुर

योग जागरण से राष्ट्र जागरण, स्वस्थ शरीर से स्वस्थ राष्ट्र और समृद्ध राष्ट्र, संस्कारित शिक्षा, संस्कारित समाज, संस्कारधानी राष्ट्र की परिकल्पना रखने वाले स्वामी रामदेव के शिष्य

- भानुप्रतापपुर के जैन भवन में हुई आरोग्य सभा

आदित्य देव, पूज्य नरेंद्र देव एवं पूज्य सनातन देव भानुप्रतापपुर पहुँचे और आयोजित आरोग्य सभा में अपने विचार रखे। भानुप्रतापपुर के जैन भवन में आयोजित आरोग्य सभा कार्यक्रम में पहुंचे। स्वामी रामदेव के शिष्यों का स्वागत हुआ और भारत मां के दिव्य स्वरूप पर दीप प्रज्वलन के साथ दिव्य सत्संग प्रवाह प्रारंभ हुआ। स्वामी आदित्य देव ने कहा कि आज हमारे पीढ़ी और आने वाली पीढ़ी को भारत की गौरव का ज्ञान ही नहीं है, भारतीय वेद शास्त्र ज्ञान दर्शन की भी आवश्यकता है। इसके लिए स्वामी रामदेव ने विकल्प प्रदान कर भारतीय शिक्षा बोर्ड का गठन कर दिया हैं एवं सभी स्कूलों को इस बोर्ड से पंजीकृत होना चाहिए। स्वस्थ जीवन के लिए स्वामी ने योग आयुर्वेद को वैज्ञानिक आधार पर जन जन तक पहुंचा दिया है। अब सभी को अपने जीवन में आनंद के लिए निरंतर योग को अपनाना है। तहसील पतंजलि योग समिति द्वारा आयोजित आरोग्य सभा में भानुप्रतापपुर और दुर्गुकोंदल क्षेत्र में योग कक्षा चला रहे योग शिक्षकों उमा साहू, मयंक दर्रो, गंगाकर सालिया, ऐश्वर्या साहू, राजेश पांडे, श्वेता धनेलिया, हिना धनेलिया, नेहा साहू, यामिनी साहू, रीता हरद्वानी को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन तहसील पतंजलि योग समिति अध्यक्ष ईश्वर प्रसाद साहू और छत्तीसगढ़ राज्य प्रभारी युवा भारत विष्णु जयंत व भारती ने किया।

### आरोग्य सभा में यह रहे उपस्थित

आयोजित आरोग्य सभा में हरि प्रसाद राव , उमेश सोनी, मोहन फव्यानी, मोहन हरद्वानी, अनंत गोपाल कोठारी, नरेश जैन, शंकर गांधी, कमल संचेती, रमेश तिवारी, निर्मल शिवहरे, रूपेश्वर साहू, सावित्री श्रीवास्तव, लक्ष्मी ठाकुर, प्रेमलता साहू, बिंदु साहू, गुरु दयाल दीवान, यामिनी साहू, निशांत ठाकुर, ठाकुर राम साहू, नंदकुमार विश्वकर्मा, अनसूया विश्वकर्मा, कमला साहू, पूनम साहू, पूर्णिमा दीवान, मानक यादव, सुकल दुग्गा, गुरुदेवाल दीवान, भागीरथी नायक, कोमल कुलदीप, भावेश साहू, मेश्वरी नरेटी आदि उपस्थित रहे।

## बजट नहीं मिलने से शिक्षक परेशान, कैसे चलेगा समर कैम्प

# पालक व शिक्षकों के सहयोग से होगा समर कैम्प, नहीं मिलेगी फूटी कौड़ी, फरमान जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

एक मई से 15 जून तक लगने वाले ग्रीष्मकालीन अवकाश के बीच समर कैम्प लगाने के निर्देश राज्य के शिक्षा महकमे ने जारी कर दिया है, वही यह भी स्पष्ट कर दिया गया है कि समर कैम्प के लिए अलग से कोई बजट नही दिया जाएगा। इसके लिए शिक्षक और पालक जनसहयोग से कार्यक्रम आयोजित करेगें। इस फरमान के बाद शिक्षको के भी होश उड़ गए।

उल्लेखनीय है कि तिमाही और अर्धवार्षिक जैसे परीक्षा में भी फंड के अभाव में शिक्षको को दो चार होना पड़ा था। जानकारी के अनुसार समर कैम्प कराने दो साल पहले ग्रीष्मकालीन अवकाश का कार्यक्रम संकुल, ब्लाक और जिला स्तर पर रखा जाता रहा है। इसके लिए उन दिनों बजट भी जारी किए जाते रहे हैं, जबकि इस बार राज्य सरकार ने बजट जारी किए जाने से मना करते हुए कहा कि जनसहयोग से समर कैम्प चलाए। शिक्षा विभाग के प्रदेश के आला अफसरों ने जारी आदेश में कहा है कि 1 मई से 15 जून 2025 तक विद्यालयों में




ग्रीष्मकालीन अवकाश प्रभावी है। इस दौरान छात्र-छात्राओं को रचनात्मक गतिविधियों में संलग्र कर उनमें बहुमुखी कौशल का विकास किया जा सकता है। रचनात्मक गतिविधियों में छात्र-छात्राओं के पालक एवं उनके शिक्षकों का मार्गदर्शन उपयोगी हो सकता है। छात्र-छात्राओं में परस्पर रचनात्मक गतिविधियों के आदान-प्रदान के लिए समर कैम्प आयोजित किया जाएगा। समर कैम्प में कला क्षेत्र, रचनात्मक क्षेत्र के विशेषज्ञों को आमंत्रित करके उनसे छात्र-छात्राओं को मार्गदर्शन, प्रशिक्षण दिलाया जा सकता है।

### इन विधाओं का लगाया जाएगा कैंप

राज्य के शिक्षा सचिव द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि समर कैम्प में चित्रकारी, गायन, बादन, निबंध, कहानी लेखन, हस्तलिपि लेखन, नृत्य, खेलकूद, अपने गांव, शहर का ऐतिहासिक परिचय आदि गतिविधियां कराई जाए। इन गतिविधियों के अलावा आप अपने स्तर पर भी रचनात्मक गतिविधियों का भी चयन कर सकते हैं। कैंप के आयोजन से पूर्व शाला विकास समिति एवं पालक शिक्षक समिति से सहमति लिया जाए।

### स्वैच्छिक होगा समर कैंप का आयोजन

शासन ने आदेश में यह भी साफ किया है कि समर कैम्प के लिए पालको से अनुमति लेनी होगी। यह कार्यक्रम पूर्णतः स्वेच्छिक रहेगा तथा समर कैंप प्रातः 7:30 बजे से 9:30 बजे के मध्य संचालित किया जाएगा। जनसहयोग का पर्याप्त उपयोग करने कहा गया हैं। स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से पृथक से कोई बजट देय नहीं होगा। जिला स्तर पर उपलब्ध संसाधनों का उपयोग कर कार्यक्रम आयोजित करने कहा गया हैं। समर कैम्प की अवधि निर्धारण करने एवं इसे बंद करने हेतु कलेक्टर को अधिकृत किया गया है।

## पुलिस के हत्थे चढ़ा सात लाख के लूट में शामिल दूसरा आरोपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

किसान को झांसा देकर बैंक से 7 लाख रूपएं निकालने के बाद

- घटना के बाद ही पुलिस के हाथ लग गया था पहला आरोपी

किसान से दो लोग लूटकर ले गए, जिसमें एक आरोपी घटना के बाद पकड़ा गया था, वहीं दूसरा आरोपी फरार हो गया था, जिसे भानुप्रतापपुर पुलिस ने 26 अप्रैल को दबोचा और न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया।

जानकारी के अनुसार मामला यह था कि प्रार्थी चिंताराम मरकाम पिता कानसाय मरकाम उम्र 64 वर्ष निवासी झलियामारी हाल भानुप्रतापपुर संतोषीपारा ने पुलिस को बताया कि झलियामारी में अपने खेत का मरम्मत जेसीबी नंबर सीजी 19 बीएम 9568 के माध्यम से करवा रहा था। जेसीबी को किराए पर चलने वाले अपना पता मध्यप्रदेश



भोपाल का होना बताया। जेसीबी चलाने वाले प्रार्थी से एडवांस में 32500 लिया गया था और 24 फरवरी को दो एजेंट प्रार्थी के घर आए और बताया कि खेत मरम्मत के लिए और पैसा लगेगा। प्रार्थी और दोनों एजेंट एक ही मोटरसाइकिल में बैठकर एसबीआई बैंक भानुप्रतापपुर आए। प्रार्थी एसबीआई बैंक से सेल्फ चेक के माध्यम से 7 लाख रुपए निकला था। राशि निकालकर दोनो एजेंट के साथ प्रार्थी मोटरसाइकिल में बैठकर कांकेर रोड बसंत नगर गार्डन के पास आए, वहीं पर गाड़ी रोक कर एजेंट ने प्रार्थी से कहा कि हमारे साहब को पैसा देना है बोलकर प्रार्थी के हाथ से ▶▶ शेष पेज 12 पर

## खबर संक्षेप

### पेयजल व्यवस्था के लिए टोल फ्री नम्बर की मिल रही सुविधा

**जगदलपुर।** जिले के ग्रामीण इलाकों से बोरिंग खराब होने की खबर मिलने पर उक्त ब्लॉक के प्रभारी अधिकारी तुरन्त सुधार कार्य हेतु कर्मचारियों के साथ पहुंच रहे हैं। साथ ही ग्रामीण अब टोलफ्री नम्बर से भी पेयजल की दिक्कत सम्बन्धी सूचना दे रहे हैं। जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में हैंडपंप संधारण एवं सोलर ड्यूल पम्पों के रखरखाव में आशाजनक प्रगति आयी है। इस कार्य को और प्रगति देने हेतु कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड जगदलपुर श्री एचएस मरकाम द्वारा गत दिवस सभी सहायक अभियंता सहित उप अभियंता एवं जल जीवन मिशन के जिला समन्वयकों की बैठक में ग्रीष्मकाल के दौरान पेयजल की समुचित उपलब्धता के लिए सजग रहकर दायित्व निर्वहन किए जाने कहा। साथ ही हैंडपंप संधारण अभियान को निरंतर चलाए जाने के निर्देश दिए। उन्होने आवश्यकता के अनुसार नलकूपों में राइजिंग पाईप बढ़ाकर पेयजल सुलभ करवाने का भी निर्देश दिया।

### नव नियुक्त जिला संयोजक की घोषणा 28 को

**केशकाल।** कोण्डागांव जिले में 28 अप्रैल को कलेक्टरेट में नव नियुक्त जिला संयोजक की घोषणा होगी। इस दौरान कलेक्टर के साथ कर्मचारी संघ के पदाधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। वहीं कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के उपाध्यक्ष केदार जैन, सह प्रभारी गजेन्द्र श्रीवास्तव व संभाग प्रभारी कैलाश चौहान को पर्यवेक्षक बनाया गया है।

### आकाशीय बिजली की चपेट में आने से महिला घायल, इलाज

**नारायणपुर।** जिले के बाघबेड़ा गांव में 27 अप्रैल की रात लगभग 3:30 बजे तेज बारिश और ओलावृष्टि के दौरान आकाशीय बिजली गिरने की एक दर्दनाक घटना सामने आई। इस प्राकृतिक हादसे में एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के समय बिजली गिरने से महिला का शरीर में गंभीर रूप से जलने के कई निशान आए हैं, हादसे के बाद वो गहरे सदमे व घबराहट की स्थिति में चली गई। परिजनों ने तुरंत उसे जिला अस्पताल नारायणपुर पहुंचाया, जहां उसका उपचार शुरू किया गया। जिला अस्पताल में डॉक्टर धनराज सिंह डरसेना और नर्स मोहिता एवं सुशीला के लगातार 6 घंटे तक चले अथक प्रयासों के बाद महिला की हालत अब स्थिर बताई जा रही है। डॉक्टरों एवं नर्सो की त्वरित प्रतिक्रिया और सतत देखभाल से मरीज को समय पर आवश्यक उपचार मिल सका।

## असामाजिक गतिविधियों को रोकने, सड़क दुर्घटना में कमी लाने व सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस की पहल

# लोगों के विरोध पर केशलूर में खोला गया चेक पोस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



तीन जिले को जोड़ने वाले केशलूर चौक में अतिक्रमण, आए दिन होने वाले सड़क हादसे व सुलभ शौचालय की मांग को लेकर लोगों ने दो दिन पूर्व चक्काजाम कर दिया था। मामले की गंभीरता व जनता की मांग को देखते हुए रविवार को पुलिस द्वारा केशलूर में नया चेक पोस्ट शुरू किया गया।

■ बस्तर के अलावा दंतेवाड़ा व सुकमा जिले को जोड़ने वाला मुख्य तिराहा है केशलूर चौक

गौरतलब है कि दो दिन पूर्व व्यापारियों व स्थानीय लोगों ने केशलूर चौक में हो रही अतिक्रमण, आए दिन होने वाले सड़क हादसे व सुलभ शौचालय की मांग को लेकर हाईवे जाम कर दिया था। लोगों की मांग को गंभीरता से लेते हुए एसपी शलभ कुमार सिन्हा की पहल पर जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के द्वारा थाना परपा व तोकापाल तहसील के अंर्तगत आने वाले केशलूर चौक जो कि जिला सुकमा, बस्तर, एवं दंतेवाड़ा के मार्गों को जोड़ता है वहां आमजनों की सुविधा के लिए पुलिस सहायता केन्द्र शुरू किया। पुलिस सहायता केन्द्र खुलने से असामिजक गतिविधियो को रोकने एवं सुरक्षा की दृष्टि से आमजनों के सुविधा के लिए पुलिस सहायता केंद्र, पुलिस चेक पोस्ट की स्थापना की गईं। मौके पर मौजूद एएसपी महेश्वर नाग ने बताया कि पुलिस सहायता केन्द्र खोलने का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी भी लाना है क्योंकि केशलूर चौक तीन जिलो को जोड़ता है एवं वाहन चालको द्वारा अपनी वाहनों को अक्सर तेज रफ्तार से चलाया जाता है जिससे दुर्घटना की संभावना बहुत ज्यादा बनी रहती है। एसपी ने कहा कि पुलिस सहायता केंद्र खुलने से एक ओर जहां सडक दुर्घटना में भी कमी आयेगी वहीं किसी प्रकार की दुर्घटना होने पर तत्काल पुलिस की मदद भी उपलब्ध रहेगी।




### ये रहे मौजूद

पुलिस सहायता केन्द्र सह चेकपोस्ट खुलने से स्थानीय लोगों में खुशी देखी गई उन्हें उम्मीद है कि उनकी अन्य मागों पर भी प्रशासन ध्यान देते हुए कार्रवाई करेगी। पुलिस सहायता केन्द्र शुरू करने के दौरान एएसपी माहेश्वर नाग के अलावा एसडीएम तोकापाल शंकरलाल सिन्हा, एसडीओपी केशलूर लक्ष्मण पोटाई, तहसीलदार यशोदा केतारप, परपा थाना प्रभारी भोलासिंह राजपूत के अलावा सरपंच बाली मौर्य, उप सरपंच संतोष, पूर्व सरपंच जयमन मौर्य, पटवारी रवीश सोरी, कोटवार महेश, मानकू, ललीत, अरूण व स्थानीय लोग मौजूद थे।

## सरकारी स्कूलों के संचालन का स्पष्ट नीति सरकार को बनाना चाहिए : फेडरेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

स्कूल शिक्षा विभाग में एक ही स्कूल तीन नामों से संचालित हो रहा है। एक ही स्कूल का दो अलग-अलग पंजीयन है। पहला यूडाइस में तथा दूसरा फर्म्स एवं सोसाइटी में पंजीकृत है। पहला दो सेटअप से वेतन भुगतान हो रहा है।पहले का प्रबंधन प्रभारी मंत्री के द्वारा नियुक्त समिति के द्वारा तो वहीं दूसरा जिला कलेक्टर के समिति के अधीन है।

■ स्कूलों का यूडाइस एक लेकिन नाम अनेक, स्कूलों का नाम केवल पीएमश्री हो

फेडरेशन के कहना है कि इन सभी स्कूलों को एक ही नाम पीएमश्री स्कूल रखा जाना चाहिए। क्योंकि एक ही स्कूल में तीन बजट का आबंटन अलग-अलग नाम से हो रहा है। इनका सेटअप भी अलग-अलग है। उपरोक्त जानकारी देते हुए छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन के प्रांताध्यक्ष राजेश चटर्जी,प्रांतीय प्रवक्ता विधु शेखर झा,प्रांतीय महामंत्री आरडी तिवारी,जिला अध्यक्ष बस्तर अखिलेश त्रिपाठी ने बताया कि प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत रहे सेवानिवृत्त-दिवंगत शिक्षकों एवं कर्मचारियों के अंतिम स्वतत्वों का भुगतान अन्य स्कूलों के रिक्त पदों से किया जा रहा है। क्योंकि शासकीय शालाओं को प्राप्त आहरण एवं संवितरण अधिकार को पूर्व सरकार के शिक्षा प्रमुख सचिव ने सेजेस में परिवर्तित होने के कारण बंद करने का आदेश दिया था। गौरतलब है कि वित्त विभाग के अनुशंसा से महालेखाकार द्वारा आहरण एवं संवितरण अधिकार का स्वीकृति आदेश जारी होता है। जिसको बंद करने का अधिकार शिक्षा विभाग को नहीं है। फेडरेशन ने पूर्व शिक्षा मंत्री एवं विभाग के उच्च अधिकारियों को वेतन मद से भुगतान करने का आग्रह किया था।जिसपर निर्णय नहीं होने से वेतन भुगतान तथा सेवानिवृत्त-दिवंगत शिक्षकों एवं कर्मचारियों के अंतिम स्वतत्वों के भुगतान में विलंब हो रहा है। फेडरेशन के कहना है कि निकट भविष्य में पदोन्नति से रिक्त पदों को भर दिया जायेगा। उस समय प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत रहे सेवानिवृत्त-दिवंगत शिक्षकों एवं कर्मचारियों के अंतिम स्वतत्वों के भुगतान में दिक्कत होगा।

पहलगाम आतंकी घटना की जैन समाज ने की निंदा

## जेहादियों और सहयोगियों को कठोर सजा देने की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

ओसवाल भवन में जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में निर्दोष पर्यटकों की निर्मम हत्या के विरोध एवं दिवंगत आत्माओं के शांति के लिए श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर जेहादियों के खिलाफ और सहयोगियों को कठोर सजा देने की मांग की है। इसके लिए सरकार जो भी कड़ा कदम उठाएगी जैन समाज तन, मन और धन से सेवा करने के लिए तैयार रहेगा। श्रद्धांजलि सभा को पूर्व अध्यक्ष राजकुमार लोढा, रमेश जैन अध्यक्ष भंवर बोथरा, उपाध्यक्ष किशोर पारख, महिला मंडल अध्यक्ष प्यारी नाहटा युवा संघठन से शुभम ने संबोधित करते कहा कि देश मे जो स्थितियां निर्मित हो रही है उसमें सभी को सजग रहने की जरूरत है और हमारे आसपास घटित होने वाली सभी संदिग्ध घटनाओं की जानकारी हम प्रशासन को दें। सभी ने घटना की निंदा की और 2 मिनट का मौन रख दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

### ब्राम्हण समाज ने दी श्रद्धांजलि



**जगदलपुर।** विश्व ब्राह्मण स्वर्णकार समाज की बैठक वीर ब्रह्मेंद्र स्वामी मंदिर न्यामुंडा में आयोजित की गई। इस बैठक में पहलगाम में हुए आतंकी घटना पर दो मिनट मौन रख कर शोक व्यक्त किया। साथ ही समाज के सदस्यों ने आतंकवाद के हमले की कड़ी निंदा की और दिवंगत परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। बैठक में समाज की गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए चर्चा की गई, जिसमें सामुदायिक भवन के निर्माण और आगामी श्रीवीर ब्रह्मेंद्र स्वामी सजिव समाधि उत्सव 6 मई के आयोजन पर विशेष जोर दिया गया। सभी सदस्यों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और समाज के विकास के लिए अपने सुझाव साझा किए। समाज की एकता और सहयोग के साथ इन कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए प्रतिबद्ध है ऐसा समाज के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने सहमति जताई। बैठक में समाज के संरक्षक,पदाधिकारीगण एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## करन बने अध्यक्ष, लक्ष्मी को मिली महिला टीम की कमान





हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शनिवार देर शाम सिंधी समाज के नवयुवक मंडल एवं सुहणी सोच महिला टीम का चुनाव संपन्न हुआ। जिसमे नवयुवक मंडल अध्यक्ष के रूप मे करन बजाज को जिम्मेदारी दी गई एवं महिला टीम सुहणी सोच की जिम्मेदारी लक्ष्मी नवतानी को दी गयी। नवयुवक मंडल सिंधी समाज सलाहकार सुनील दंडवानी, संरक्षक शिवम बसतवांनी, उपाध्यक्ष अंकित दरयानी, सचिव गौरव लालवानी, सह सचिव सचिन लालवानी, कोषाध्यक्ष रोहित हासानी बने। महिला टीम सुहणी सोच की संरक्षक पुष्पा मनवानी, पूजन प्रभारी चंद्रादेवी नवतानी, उपाध्यक्ष रिया दुल्हानी, सचिव भारती लालवानी, सह सचिव सीमा आहूजा कोषाध्यक्ष बबिता दुल्हानी बनी। इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष मनीष मूलचंदानी, संरक्षक उधाराम मूलचंदानी एवं गोवेर्धन दास नवतानी, सुनील दंडवानी, हरेश नागवानी, विशाल दुल्हानी, रजनी दंडवानी, नीलम बसंतवानी, सुंदर भोजवानी, गोपाल तीरथानी, सन्नी बजाज, यश मेथानी, सतीश दुल्हानी निखिल कलवानी, हनी दुल्हानी, राजा मेघानी, नवीन नंदवानी, सुमित जेठवानी, मनोज बचवानी, शुभम मेघानी एवं समाज के वरिष्ठ उपस्थित थे।

## हाई मास्क लाइट और शेड निर्माण का भूमिपूजन



**जगदलपुर।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड क्रमांक 39 अटल उद्यान में आज हाई मास्क लाइट लगाने के लिए 7 लाख 30 हजार रुपए एवं ओपन जिम सामग्री में शेड नर्माण के लिए 10 लाख रुपए के कार्यों का भूमिपूजन महापौर संजय पाण्डे ने किया। महापौर व वार्डवासियों ने विधिवत पूजा अर्चना किया। इस अवसर पर वार्ड पार्षद कुमारी उर्मिला यादव, वार्ड वासी राजेंद्र पांडे, छेदीलाल साव, सुबीर पाल, रजनीश सन्हिा, सूरज श्रीवास्तव, वीरेंद्र जोशी, शशिनाथ पाठक, अभिलाश यादव, सुप्रीयो मुखर्जी उपस्थित रहे।

## मन की बात महापौर और पार्षदों ने सुनी...



जगदलपुर। महाराणा प्रताप वार्ड 47 के बूथ क्र.121 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना गया। इस अवसर पर महापौर संजय पाण्डे, पार्षद नेहा ध्रुव, एमआईसी सदस्य लक्ष्मण झा, पूर्व पार्षद लक्ष्मी कश्यप, पुशांत राय सहित वार्डवासी उपस्थित रहे।

## सेवा काल में बिताए पल को याद कर हुए भावुक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रेल्वे कॉलोनी में पदस्थ वरिष्ठ व्याख्याता वाणिज्य जगन मोहिनी गोल्ला एवं प्रधान अध्यापक हरीश कुमार पाठक को विद्यालय में विदाई दी गई। सर्वप्रथम प्राचार्य एव अतिथियों के द्वारा मां शारदे के समक्ष दीप प्रज्वलन, पूजन वंदन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

■ सेवा निवृत्ति उपरांत विदाई दी गई

विद्यालय परिवार ने उनके साथ बिताए अविस्मरणीय पलों को वक्तव्य ,गीत, एवं कविता के रूप में साझा किया। प्राचार्य श्रीलाल वर्मा ने शुभकामनाएं दी। व्याख्याता जगन मोहिनी गोल्ला एवं प्रधान अध्यापक हरीश कुमार पाठक ने भी अपने सेवा अवधि के अनुभव व्यक्त किए अपने शासकीय जीवन की पूर्णता पर आयोजित समारोह हेतु प्राचार्य एव विद्यालय परिवार को धन्यवाद दिया। अंत में प्राचार्य एवं विद्यालय परिवार की ओर से शॉल ,श्रीफल, पुष्प गुच्छ एव सम्मान पत्र से सम्मानित किया गया। स्वर्ण आभूषण प्रतीक चिन्ह के रूप में भेंट किया गया। इस अवसर पर जी. एन. लक्ष्मण राव, मीरा पाठक एवं विद्यालय परिवार उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता पूर्णिमा सरोज ने किया तथा आभार प्रदर्शन तेजपाल सिंह ने किया।

## देश की एकता अखंडता व सम्प्रभुता को चुनौती मुद्दे पर फोकस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवाद नरसंहार की जघन्य घटना को लेकर बस्तरवासियों में भारी आक्रोश है। शनिवार की शाम स्थानीय जगन्नाथ मंदिर में आयोजित एक घण्टे राष्ट्र के नाम परिचर्चा में उपस्थित समस्त बस्तरवासी इस घटना की कड़ी निंदा की। साथ ही देश की सम्प्रभुता, एकता और अखंडता पर चुनौती देने वाले देश के ही कुछ तत्वों को सबक सिखाने पर फोकस किया गया।

■ एक घण्टे राष्ट्र के नाम परिचर्चा में पहलगाम आतंकी घटना की निंदा की

मंच के समन्वयक एल ईश्वर राव के नेतृत्व में पहलगांम के आतंकवाद नरसंहार की घटना पर फोकस था। उन्होंने कहा भारत मे धर्म पूछकर आतंकवाद नरसंहार की घटना से सम्पूर्ण बस्तरवासियों में आक्रोश है। खासकर धर्म पूछकर, कलमा न पड़ने पर हत्या करना कलमा पड़ने के बाद भी मृतक देशवासियों को उसके धार्मिक पहचान को चिन्हित कर हत्या करना क्रूरतम घटना की पराकाष्ठा है। उन्होने बताया इस समय समस्त देशवासी एक साथ एक स्वर में खड़े होने की आवश्यकता है। परिचर्चा में सम्मलित कर्मकर्ताओ ने एक स्वर में इस घटना को लेकर देश के दुश्मन का समूल सफाया, आंतकवाद का सफाया, देश की आंतरिक व बाहय सुरक्षा सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की गई। राव ने कहा कि पाकिस्तान इस्लामिक आतंकवाद के विरुद्ध आज देश के मुश्लिम देश के साथ खड़े होकर स्वर में स्वर मिलाकर पाकिस्तान और आतंकवाद के खात्मे को लेकर साथ खड़े है। बैठक में कैलाश राठी, शंकरलाल गुप्ता, तेज नारायण पांडे, व्ही बालकृष्णन, निर्मल यादव, जेपी यादव, सुनील दास, लोकेश राव, कुणाल चालिसगांकर, मिलन विश्वास, रामगोपाल उमरवैश्य, मधुमिता कश्यप, कृष कुमार परमार, आत्माराम जोशी, अभय दीक्षित, अजय पाल, डीके परासर समेत समाज व संगठन के प्रतिनिधि सम्मलित थे।

परिचर्चा में यह बात भी आई कि पहलगांव नरसंहार की घटना में देश के कुछ लोग सेना व सरकार को कठघरे में खड़ा कर रहे है और कमी खामियां ढूंढ रहे है। जिससे पाकिस्तान को मुंह खोलने का अवसर मिला, ऐसे देश विरोधी लोगो को सबक सिखाने की आवश्यकता है।

## भर्ती परीक्षा के 1315 में से 506 अभ्यर्थी रहे अनुपस्थित रहे

**जगदलपुर।** शहर के 4 परीक्षा केन्द्रों में व्यापमं द्वारा आयोजित उप अभियंता भर्ती परीक्षा में रविवार को पंजीकृत 1315 अभ्यर्थियों में से 809 अभ्यर्थी शामिल हुए और 506 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर ने 27 अप्रैल को उप अभियंता सिविल तथा उप अभियंता विद्युत एवं यांत्रिकी भर्ती परीक्षा सुबह 10 बजे से अपरान्ह 12.15 बजे तक 4 परीक्षा केन्द्रों में आयोजित की। इस परीक्षा में शामिल होने के लिए 1315 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था, लेकिन परीक्षा में 809 अभ्यर्थी ही शामिल हुए और 506 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा के लिए शासकीय काकतीय पीजी कॉलेज धरमपुरा नम्बर-2, शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय धरमपुरा नम्बर-3, शासकीय दन्तेश्वरी पीजी महिला महाविद्यालय शांतिनगर और शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या हायर सेकण्डरी स्कूल बनाए गए थे।

पेज 11 के शेष...

### पटवारी संघ के...

के पद पर चयनित भारतीय शांडिल्य को सम्मानित किया गया। जिला में पदस्थ रहे सेवानिवृत्ति पटवारी, पटवारी पद से पदोन्नत होकर राजस्व निरीक्षक, अधीक्षक भू-अभिलेख,सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख एवं तहसीलदार के पद पर पदोन्नत हुए तथा पटवारी सेवा में रहते हुए उच्च पदों पर चयनित होने वाले पटवारी को सम्मानित किया गया। पिछले तीन वर्षों के कार्यकाल में प्रांतीय ,संभाग एवम जिला कार्यकारिणी के सदस्यों को तथा सभी तहसील अध्यक्षों को भी इस अवसर पर उनके बेहतरीन संगठनात्मक कार्य के लिए प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। चुनाव में विजयी हुए पदाधिकारियों को प्रांतीय पर्यवेक्षक के द्वारा विजेताओं को प्रमाण पत्र जारी किए गए । पटवारी ममता भगत के द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया।

### पहलगांव आतंकी हमले...

सरपंच सूरज कोराम, भरत निषाद, ग्राम समिति संरक्षक सुरेश साहू, डॉक्टर बलराम साहू, चेंबर ऑफ कॉमर्स अध्यक्ष सतीश साहू, निलेश गोलछा, वार्ड पंच अनिल गजपाल, संजय गोलछा, रामभरोस मंडावी, रामाधार धनकर सहित हजारों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### ग्राम मंगहूर में...

करा शव का पीएम करवाकर शव को परिजनों को सौंप गया। मृतक तालाब में कैसे डूबा, उसका कारण पुलिस पतासाजी करने में जुटी है।

### पुलिस के हत्थे...

7 लाख रुपए को छीनकर एवं प्रार्थी को डरा धमका कर गाड़ी में बैठाकर दल्ली रोड ग्राम चौगेल नया पुलिया के पास छोड़कर मोटरसाइकिल से रुपए लेकर भाग थे। प्रार्थी की इसी शिकायत पर पुलिस ने दोनो आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। इस मामले के एक आरोपी को 3 अप्रैल को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया था, वहीं दूसरे आरोपी कोको पिता छाउआ उम्र 23 वर्ष निवासी जयरामपुर तहसील डीबाई थाना नरोरा जिला बुलंदशहर को पुलिस ने 26 अप्रैल को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया।

आरोपी को गिरफ्तार करने में भानुप्रतापपुर थाना प्रभारी रामेश्वर देशमुख द्वारा गठित टीम उप निरीक्षक अनिल पालेश्वर, सहायक उप निरीक्षक कैलाश पांडे, आरक्षक क्रमांक प्रणय यादव, आरक्षक क्रमांक नरेश गावडे का योगदान रहा।

## खबर संक्षेप

### आवास योजना का लाभ दिलाने घर-घर पहुंच रहे



**बस्तर।** जनपद पंचायत बकावंड के ग्राम पंचायत बोरपदर के वार्ड पंच आदर्श ठाकुर वार्ड वासियों के बीच पहुंचकर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सर्वे सूची में नाम शामिल करने का कार्य किया गया। इस पहल के तहत यहां सुनिश्चित किया गया कि कोई भी परिवार इस योजना से वंचित न रहे सभी का अपना पक्का मकान बनाने का सपना साकार हो सके। पंच आदर्श ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना एक महत्वपूर्ण योजना है। पंच आदर्श ठाकुर ने स्वयं व्यक्तिगत रूप से वार्ड का दौरा किया और उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना।

### ओमप्रकाश बने अध्यक्ष



**गीदम।** राजस्व पटवारी संघ छत्तीसगढ़ के प्रांतीय निर्देश पर जिला दन्तेवाड़ा के जिलाध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष पद का निर्वाचन कार्य शनिवार को हुआ। इस चुनाव में पर्यवेक्षक के रूप में बीजापुर के जिलाध्यक्ष शंकरलाल कतलाम, जिला सचिव के जी यशवंत राव, प्रांतीय प्रचार प्रसार मंत्री बीरा राजबाबू उपस्थित रहे। निर्धारित समय पर चुनाव की प्रक्रिया का पालन किया गया व जिले के पटवारियों की सर्वसहमति से अध्यक्ष पद के लिए पुनः ओमप्रकाश कश्यप को चुना गया।

## निधन

### ईएस चांद

**जगदलपुर।** रेव मुकेश चांद की माता व नवनीत चांद की दादी ईएस चांद का आकस्मिक निधन आज सुबह इलाज के दौरान महारानी अस्पताल में हो गया। अंतिम यात्रा गृह निवास जनता दरबार मिशन कंपाउंड से संध्या 4 बजे मेथोडिस्ट कब्रिस्तान के लिए निकली। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में परिजन, मसीही समाज के लोग, शहर और ग्रामीण क्षेत्र के लोग शामिल थे।



### कमलेश कुमार ओझा

**जगदलपुर।** शहर के कमलेश कुमार ओझा का निधन इलाज के दौरान हैदराबाद में रविवार को हो गया है। अंतिम यात्रा सोमवार को निवास एसबीआई के समीप धरमपुरा मार्ग से निकलेगी। वे राकेश, शैलेश एवं धर्मेश ओझा के बड़े भाई थे।



### कामगारों व मशीनों की संख्या बढ़ाकर कार्य में तेजी लाने दिए निर्देश

# तय समय में गुणवत्ता सहित पूर्ण हो निर्माण कार्य: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दन्तेवाड़ा

अपनी पदस्थापना के तुरंत बाद कलेक्टर कुणाल दुदावत का जिले के सभी जनपद पंचायतों का निरीक्षण, भ्रमण अनवरत जारी है। इस क्रम में आज कलेक्टर ने विकासखंड कुआकोण्डा एवं दन्तेवाड़ा के ग्राम पंचायतों में चल रहे विभिन्न प्रकार के निर्माण कार्यों का स्थल भ्रमण किया।

■ ग्रामीणों से कलेक्टर ने किया सीधा संवाद

एक ओर जहां उन्होंने निर्माण कार्यों से संबंधित कार्य एजेसिंयों को तय समय सीमा में गुणवत्ता सहित कार्य करने के कड़ाई से निर्देश दिये। वहीं उन्हें कामगारों और मशीनरी की संख्या बढ़ाने के लिए भी कहा। इस क्रम में कलेक्टर ने सर्वप्रथम मुख्यालय के एकता परिसर में विभिन्न समाजों के लिए सामाजिक भवनों के निर्माण कार्यों को देखा और कार्य के धीमी प्रगति के संबंध में एजेंसियों से जवाबतलब करते हुए 15 दिवस के अंदर पूर्ण करने की समय सीमा तय की। तत्पशात कलेक्टर ने माटी कला केन्द्र बोर्ड पहुंचे, यहां उन्होंने माटी से विभिन्न प्रकार की कलाकृतियां बनाये जाने की प्रक्रिया से अवगत हुए और कलाकृतियों के व्यवसायीकरण हेतु प्रबंधक से चर्चा किया। उसके पश्चात नन्हे परिंदे शैक्षणिक संस्थान पहुंचकर सभी कक्षों का अवलोकन करते हुए अधीक्षक से बच्चों को दी जा रही शिक्षा को बेहत्तर बनाने के लिये कार्ययोजना तैयार कर अध्ययन कार्य कराने हेतु निर्देश दिए। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत जयंत नाहटा, एसडीएम बचेली कमल किशोर सहित संबंधित विभाग के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।



### भांसी के औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र का अवलोकन

इसके साथ ही कलेक्टर ने ग्राम भांसी के औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र का निरीक्षण करते हुए प्राचार्य से यहां चलाये जा रहे विभिन्न प्रकार के ट्रेडों की जानकारी ली। साथ ही उन्होंने यहां फीटर, इलेक्ट्रिशियन वेल्डर, मैकेनिक डीजल वर्कशॉप का भी अवलोकन किया। इसके पश्चात कलेक्टर ग्रामीण सचिवालय पहुंचकर ग्रामीणों से ग्राम में अधोसंरचना विकास, उद्यमिता, उन्नत कृषि के संबंध में चर्चा करते हुए कहा कि ग्राम भांसी भी नियद नेल्लानार योजना के अंतर्गत चयनित है। अतः शासन के महत्वपूर्ण योजनाओं के क्रियान्वयन में ग्रामीणों की भागीदारी आवश्यक है। अतः ग्रामीण ग्रामसभा आयोजित कर ग्राम विकास से संबंधित विकास कार्यों के प्रस्ताव पारित कर प्रेषित करें। यहां ग्रामीणों ने भी कलेक्टर के समक्ष अपनी मांगों और समस्याओं के बारे में भी खुलकर विचार साझा किये। जिसमें नल-जल योजना के क्रियान्वयन में विलंब, पोस्ट मेट्रिक छात्रावास की सुविधा, पुराने शासकीय जर्जर भवनों के ध्वस्तीकरण, अतिक्रमण जैसे शिकायतें प्रमुख थी।

### ग्रामीणों से कार्यों में तेजी लाने की चर्चा

ब्लॉक दन्तेवाड़ा के नियद नेल्लानार अंतर्गत चयनित ग्राम धुरली पहुंचकर कलेक्टर ने यहां सुशासन तिहार 2025 के तहत प्राप्त आवेदनों की समीक्षा किया। ग्राम सचिव ने कलेक्टर को अवगत कराया कि प्राप्त आवेदनों में अब तक 80 मांगों और समस्याओं के आवेदनों को निराकृत किया जा चुका है। इन आवेदनों में अधिकतर प्रधानमंत्री आवास, भूमि समतलीकरण, जॉब कार्ड, श्रम कार्ड जैसे आवेदन प्रमुख थे। कलेक्टर ने ग्रामीणों से इस दौरान कहा कि चूंकि नियद नेल्लानार योजना के तहत समस्त विभागों के विभागीय कार्यों का क्रियान्वयन, युद्ध स्तर पर किया जाना है और इसके लिये लक्ष्य भी निर्धारित किये गये हैं। अतः ग्रामीण कुक्कुटपालन, पशुपालन सहित कृषि की रोजगारमूलक योजनाओं को अपने ग्रामों में क्रियान्वित करें। कलेक्टर ने यहां ग्राम पंचायत भवन में स्थित बालमित्र पुस्तकालय को भी देखा और ग्रामीण बच्चों में पढ़ने की प्रवृति को बढ़ावा देने के लिए सराहनीय पहल बताया।

## स्थानीय कलाकारों को काम दिए जाने व अन्य मुद्दों पर चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

छत्तीसगढ़ पेंटर, मूर्तिकार संघ जिला इकाई के समस्त कलाकारों की बैठक गीदम के कारली नर्सरी के समीप शक्ति आश्रय स्थल ग्राम पंचायत बड़े कारली में आयोजित की गई। इस बैठक में बस्तर संभाग अध्यक्ष व जिले के समस्त कलाकार उपस्थित रहे।

इस बैठक में सर्वप्रथम छत्तीसगढ़ पेंटर, मूर्तिकार संघ के सचिव की असमय मृत्यु होने पर सभी कलाकारों द्वारा 2 मिनट का मौन धारण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। उसके बाद संघ की बैठक को आगे बढ़ाया गया। बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई जिसमें पेंटिंग और मूर्तिकला को ठेकेदारी प्रथा से पृथक कर करने, शासन द्वारा सभी कलाकारों का चिन्हारी कार्ड बनाए जाने, विश्वकर्मा योजना में पेंटर मूर्तिकार को भी शामिल किए जाने, हर जिला में नव कलाकारों के लिए प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना, हर पंचायत, जनपद पंचायत, जिला में स्थानीय कलाकारों को काम दिए जाने जिससे स्थानीय कलाकार बेरोजगार ना हो इन बिंदुओं पर चर्चा की गई। इस दौरान संघ के सभी सदस्यों ने कहा कि स्थानीय कलाकारों को काम मिले और सभी कलाकारों ने जनप्रतिनिधियों, शासन, प्रशासन से अनुरोध किया है कि जिला के स्थानीय पेंटर, मूर्तिकार को ही काम दिया जाए जिससे स्थानीय कलाकार बेरोजगार ना हो। इस बैठक में संभागीय अध्यक्ष प्रहलाद राजपूत, दंतेवाड़ा जिला संरक्षक रघु कौशल, दंतेवाड़ा जिला अध्यक्ष राजेश सोना, उपाध्यक्ष सुरेश नायक, कोषाध्यक्ष मोहन विश्वकर्मा, संतोष, सचिव जयकुमार नाग एवं अन्य सदस्यों में पलक कुमार, महादेव, उमेश जगराह, सतीश, साजिद खान, अरुण, बजनू कोवासी, सामनाथ अटामी एवं अन्य पेंटर, मूर्तिकार उपस्थित रहे।

## पहलगाम में मारे गए पर्यटकों को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा



कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में मारे गए भारत के विभिन्न राज्यों के पर्यटकों को श्रद्धांजलि दी गई। भाजपा पदाधिकारियों ने कोंटा नागरिकों के साथ अटल चौक पर दीप प्रज्वलित कर दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

ज्ञात हो कि आतंकवाद संगठन के इस नापाक हमले का देश चौतरफा विरोध कर रहा है और भारत कड़ी कार्रवाई करने की रणनीति के साथ पाकिस्तान को जवाब देने की तैयारी में है। कोंटा मंडल के अटल चौक में आज दिए गए श्रद्धांजलि सभा को नगर के वरिष्ठ नागरिक जेट्टी रामाराव वरिष्ठ सेवानिवृत्त शिक्षक राजशेखर एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष पी विजय ने संबोधित करते हुए कहा यह ऐसा घटना है जिसकी जितनी निंदा की जाए कम है और इस घटना का देश विदेश विरोध कर रहा है। आतंकियों ने जिन परिवारों को उजाड़ा है आने वाले समय में पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए भारत को एक अच्छा निर्णय लेकर पाकिस्तान को बर्बाद करने की इच्छा भारत देश के लोगों में है। देश हमारा पूरी सहनशीलता एवं कठोरता के साथ इसका जवाब देने के लिए तैयार है। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष सुभाष चतुर्वेदी पूर्व मंडल अध्यक्ष साई रेड्डी वरिष्ठ नागरिकों सहित भाजपा युवा मोर्चा सहित नगर के नागरिक मौजूद थे।

### कलश यात्रा निकाल कर जयकारा के साथ अतिथियों का किया स्वागत



भानपुरी। बस्तर जिला सर्व सेन समाज के बैनर तले उसरीबेड़ा में संत शिरोमणि सेन महाराज की 725 वीं जयंती धूमधाम से मनाया गया। कलश यात्रा निकाल कर सेन के जयकारा के साथ अतिथियों का स्वागत किया गया। सभी पार्टी के नेतागण शामिल हुए एवं प्रदेश कोषाध्यक्ष किशन सेन केश शिल्पकला बोर्ड के सदस्य विजय सेन, प्रदेश संयुक्त सचिव मन्नू सेन, महिला प्रकोष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष काजल सांडिल्य, बस्तर संभाग प्रभारी रामेश्वर श्रीवास, कोंडागांव जिलाध्यक्ष दीनूसेन आदि समाज के बड़े, जवान, बच्चे व मातृशक्ति शामिल हुए। केश कला बोर्ड सदस्य विजय सेन के द्वारा बोर्ड अध्यक्ष नंद कुमार सेन के अनुशंसा पर समाज में अच्छे कार्य करने वालों का साल, मोमेटो से सम्मानित किया।

## वाहन में परिवहन करते 50 सागौन फारा और 30 चौखट पकड़ाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपालपटनम/मद्देड़

भोपालपटनम उपवन मंडल क्षेत्र अन्तर्गत वन परिक्षेत्र अधिकारी कृष्ण कुमार नेताम के मार्गदर्शन एवं सहायक वन परिक्षेत्र अधिकारी व समस्त स्टाफ के नेतृत्व में 25 अप्रैल को रात्रि गस्त के समय 9:30 बजे भोपालपटनम तहसील के अंतिम छोर कोंगुपल्ली के पास पिकप वाहन को पकड़ा गया। महिंद्रा पिकप वाहन क्रमांक सीजी 20 के 3561 वाहन मालिक का नाम सुखराम साहनी मांझीपारा जिला बीजापुर निवासी हैं।

■ क्षेत्र में आए दिन सागौन लट्ठा चिरान, फारा की हो रही तस्करी

पिकप वाहन में चिरान सहित 2 आरोपियों को पकड़ा गया। पद्दम महादेव उम्र 36 ग्राम कोंगुपल्ली बीजापुर निवासी, यालम शंकर उम्र 44 ग्राम कोंगुपल्ली निवासी के द्वारा रात्रि में पिकप वाहन में सागौन चिरान तस्करी कर रहे थे। मुखबिर की सूचना पर गस्त के दौरान वन परिक्षेत्र अधिकारी मददेड के मार्गदर्शन में स्टाफ के द्वारा भारी मात्रा में सागौन चिरान पकड़ा गया हैं। कर्मचारियों के द्वारा वाहन को रोककर तलाशी लेने पर वाहन में 50 चिरान फारा, 30 चौखट कड़ी कुल 80 सागौन चिरान जप्त किया। जिसका लागत राशि 1,10892 रूपए बताया गया। तस्करों से पातासाजी करने पर उन्होंने बताया कि कोंगुपल्ली से बीजापुर जिले में मोटी रकम में बेचने के फिराक में वाहन में ले जा रहे थे। लकड़ी चिरान मशीन वनएचपी को भी जप्त किया गया है जो फारा चीरने का कार्य करता। इस मशीन की कीमत लगभग 30 से 35 हजार आंका गया है। जप्ती कार्यवाही करते हुए सभी सामानों को जप्त कर वन विभाग अपने कब्जे में लिया है।

## बच्चों को बांटे गए विशेष सहायक उपकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

कलेक्टर देवेश ध्रुव के निर्देशन तथा जिला शिक्षा अधिकारी जीआर मण्डावी व जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा उमाशंकर तिवारी के मार्गदर्शन में 10 दिवसीय समर कैम्प का आयोजन किया गया। कैम्प के समापन के अवसर पर पालक बैठक सम्मेलन एवं वार्षिक उत्सव कार्यक्रम का आयोजन आकार आवासीय संस्था में किया गया। जिला प्रशासन के तत्वाधान में आकार आवासीय संस्था, सुकमा में ग्रीष्मकालीन समर कैम्प आर्ट एण्ड क्रॉफ्ट प्रदर्शनी 15 अप्रैल से 23 अप्रैल तक आयोजित किया गया। समापन पर दिव्यांग बच्चों के द्वारा चित्रकला एवं शिल्पकला का प्रदर्शनी लगाया गया। उक्त कार्यक्रम विभिन्न विधाओं पर सामाजिक कौशल, गायन कला, वादन कला एवं चित्रकला व शिल्प कला को बढ़ावा देने और गर्मियों में भी सीखने की प्रक्रिया को जारी रखने के लिए उक्त शिविर का आयोजन किया गया। पालक बैठक सम्मेलन उक्त सम्मेलन में संस्था के आवासीय बच्चों के पालकों का बैठक सम्मेलन आयोजित किया गया। उक्त सम्मेलन में दिव्यांग बच्चों के कुल 78 पालक, अभिभावक कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। समावेशी शिक्षा अंतर्गत समग्र शिक्षा राज्य परियोजना कार्यालय से प्राप्त सहायक उपकरण एवं टीचिंग लर्निंग मटेरियल अतिथियों के करकमलों से विशेष आवश्यकता वाले बच्चों में छिन्दगढ़ के छात्र नरसिंग ब्रेल किट, छात्रा सोयम कृतिका श्रवण यंत्र, छात्र कृष्ण कुमार एमआर किट, विकासखण्ड सुकमा छात्र हरीश बेल किट, छात्रा दिव्या वेट्टी टीएलएम किट, छात्र सोड़ी मोनू ब्रेल किट, विकास कोंटा छात्रा काव्या साहू एडीएल किट वितरित किया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अर्कजा, विशेष अतिथि शिक्षक केंद्रीय विद्यालय अमीत जांगड़े, प्रधान पाठक पीएम स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम स्कूल अनिल मेश्राम, एपीसी समावेशी शिक्षा रजनीश सिंह विशेष रूप से उपस्थित थे।



## पीएमश्री सेजेस बस्तर में वायुसेना अग्निवीर कार्यशाला का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा अग्निपथ योजना अन्तर्गत वायुसेना अग्निवीर भर्ती के सम्बन्ध में विद्यार्थियों को जागरूक करने के लिए ब्लाक स्तरीय अग्निवीर भर्ती कार्यशाला का आयोजन 24 अप्रैल को पीएमश्री स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बस्तर में किया गया। बस्तर कलेक्टर हरीश एस., जिला मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रतीक जैन, जिला शिक्षा अधिकारी बलिराम बघेल के निर्देशन में किया गया।

भोपाल से आए वायु सेना अधिकारी सुशांत सिंह, आनंद कुमार व वायु सेना अग्नि वीर जिला नोडल अधिकारी मनीष अहीर के द्वारा अग्निवीर योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। वायु सेना अग्निवीर के लिए शैक्षिक योग्यता, उम्र, चयन पद्धति आदि सभी बिंदुओं पर क्रमबद्ध तरीके से जानकारी दी गई। साथ ही प्रश्नों के माध्यम से विद्यार्थियों के मन में अग्निवीर के संबंध में जो भ्रांतियां थी, उसे दूर करने का प्रयास किया गया। विकासखंड शिक्षा अधिकारी भारती देवांगन ने अपने अभिभाषण में वायुसेना के ध्येय वाक्य नभः स्पर्शम दीप्तम अर्थात शान से आकाश को छूना पर विस्तार से जानकारी दी और बतलाई की यह बिंदु श्रीमद् भागवत गीता के 11 वें अध्याय से लिया गया है। सहायक खंड शिक्षा अधिकारी सुशील तिवारी ने अपने अभिभाषण में अग्नि वीर की आवश्यकता पर जानकारी दी। वायुसेना अधिकारियों द्वारा विस्तृत जानकारी देने के पश्चात बच्चों के मध्य अग्निवीर के संबंध में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया व पुरस्कार से बच्चों का उत्साह वर्धन किया। संस्था के प्राचार्य मनोज सिंह के द्वारा अंत में वायु सेना अधिकारियों, जिला व ब्लॉक से आए अधिकारियों को सफल कार्यशाला के आयोजन हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया साथ ही भविष्य में इसी प्रकार की कैरियर काउंसलिंग संबंधी कार्यशाला आयोजन करवाने हेतु आग्रह किया गया। कार्यशाला में विकासखंड बस्तर के लगभग 150 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। साथ ही संस्था के उपप्राचार्य कुलेश्वर प्रसाद, समस्त शैक्षिक व गैर शैक्षिक कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## पीआईसी बैठक में विकास और स्वच्छता को प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



नगर पालिका परिषद दंतेवाड़ा में प्रेसिडेंट-इन-काउंसिल पीआईसी की पहली बैठक का आयोजन अध्यक्ष पायल गुप्ता की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में नगर के विकास के विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श करते हुए विभागों का वितरण तथा सलाहकार समितियों का गठन किया गया। बैठक के दौरान पायल गुप्ता ने सभी पीआईसी सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि नगर के विकास और स्वच्छता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने सभी सदस्यों से विचार-विमर्श कर नगर के अनेकों विकास कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण कराने का निर्णय लिया। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि पारदर्शिता और जनभागीदारी के साथ नगर को एक आदर्श नगर के रूप में विकसित किया जाएगा।

विभागों का वितरण एवं प्रभारी सदस्य के नाम इस प्रकार है। आवास, शिक्षा, पर्यावरण एवं लोक निर्माण विभाग प्रभारी कैलाश मिश्रा, जल कार्य विभाग प्रभारी पंकज राजा शर्मा, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग प्रभारी श्रवण कडती, राजस्व तथा बाजार विभाग प्रभारी चंदन सिंह ध्रुव, खाद्य, नागरिक आपूर्ति, पूरक पोषण एवं नियोजन विभाग प्रभारी नंद कुमार भोगामी, महिला तथा बाल कल्याण विभाग प्रभारी अनीता शर्मा, विधि तथा सामान्य प्रशासन विभाग प्रभारी विमलावती नाग को मिले हैं।

अध्यक्ष पायल गुप्ता ने सभी सदस्यों से सहयोग की अपेक्षा करते हुए कहा कि नगर के नागरिकों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। बैठक में सभी पीआईसी सदस्यगण उपस्थित रहे और उन्होंने भी नगर विकास में सक्रिय भागीदारी का आश्वासन दिया।

### पेयजल व्यवस्था के लिए टोल फ्री नंबर की मिल रही सुविधा

**जगदलपुर।** जिले के ग्रामीण इलाकों से बोरिंग खराब होने की खबर मिलने पर उक्त ब्लॉक के प्रभारी अधिकारी तुरन्त सुधार कार्य हेतु कर्मचारियों के साथ पहुंच रहे हैं। साथ ही ग्रामीण अब टोलफ्री नम्बर से भी पेयजल की दिक्कत सम्बन्धी सूचना दे रहे हैं। जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में हैंडपंप संधारण एवं सोलर ड्यूल पम्पों के रखरखाव में आशाजनक प्रगति आयी है। इस कार्य को और प्रगति देने हेतु कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड जगदलपुर श्री एचएस मरकाम द्वारा गत दिवस सभी सहायक अभियंता सहित उप अभियंता एवं जल जीवन मिशन के जिला समन्वयकों की बैठक में ग्रीष्मकाल के दौरान पेयजल की समुचित उपलब्धता के लिए सजग रहकर दायित्व निर्वहन किए जाने कहा। साथ ही हैंडपंप संधारण अभियान को निरंतर चलाए जाने के निर्देश दिए। उन्होने आवश्यकता के अनुसार नलकूपों में राइजिंग पाईप बढ़ाकर पेयजल सुलभ करवाने का भी निर्देश दिया। साथ ही नवीन हैंडपंप की आवश्यकता वाले गांवों एवं पारे-टोले में नए नलकूप खनन सहित हैंडपंप स्थापित करने के लिए प्राथमिकता देने कहा। ज्ञात हो कि जिले के सभी विकासखण्डों में हैंडपंप एवं सोलर ड्यूल पम्प संधारण अभियान के तहत अब तक 537 हैण्डपंप एवं 23 सोलर ड्यूल पंपो को सुधारा जा चुका है।

## सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल अध्यक्ष ने ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

श्रम पदाधिकारी द्वारा दी गयी जानकारी अनुसार विगत दिवस छग भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल के अध्यक्ष डॉ. रामप्रताप सिंह की अध्यक्षता में सर्किट हाऊस सभागार में श्रम विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में दंतेवाड़ा, बीजापुर एवं सुकमा जिले में संगठित निर्माण श्रमिकों एवं असंगठित श्रमिकों और उनके परिवारों को कल्याण के लिए संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की गई एवं समस्त योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के निर्देश दिए गए। इस दौरान अध्यक्ष सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में श्रमिकों एवं उनके परिवारों के प्रति पूरी संवेदनशीलता के साथ राज्य शासन द्वारा श्रमिक वर्गों के हितों के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य के लिए श्रमिक एवं उनके परिवारों का हित सर्वोपरि है। अतः श्रमिकों के कल्याण के लिए संचालित सभी योजनाओं का लाभ उन्हें मिलना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने निर्माण श्रमिकों के कार्यस्थल में शिविर आयोजित कर शत-प्रतिशत पंजीयन करने के निर्देश देते हुए कहा कि तीनों जिले में पंजीकृत निर्माण श्रमिक जिन्हें मण्डल गठन से अब तक किसी भी योजनाओं का लाभ नहीं मिला है ऐसे श्रमिकों को चिन्हांकित कर मण्डल में संचालित योजनाओं की जानकारी विकासखण्डवार संचालित श्रम संसाधन केन्द्र के माध्यम से आवेदन करने की कार्यवाही करने के साथ-साथ प्राप्त आवेदनों का तत्काल डीबीटी में ऑनलाईन इंद्राज करें। बैठक में दन्तेवाड़ा, बीजापुर एवं सुकमा जिले के श्रमपदाधिकारी तथा अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

**पूर्व विधायक धोखाधड़ी मामले में कोर्ट से हुई बरी** : नगरी। पूर्व विधायक डॉ. लक्ष्मी ध्रुव पर ठगी का आरोप लगाते हुए पूर्णिमा ठाकुर ने धारा 420 भादंस अंतर्गत दुर्ग के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी के न्यायालय में परिवाद प्रस्तुत किया था। यह प्रकरण लगभग चार वर्षों तक न्यायालय में चलने के बाद मुख्य न्यायाधीश ने 23 अप्रैल को पूर्व विधायक डॉ. लक्ष्मी ध्रुव को भादंस की धारा 420 से बरी करते हुए इस प्रकरण को खारिज कर दिया। पूर्णिमा ठाकुर ने डॉ. लक्ष्मी ध्रुव को फंसाने व उनकी सामाजिक और राजनीति प्रतिष्ठा को धूमिल करने के लिए झूठा परिवाद प्रस्तुत किया था।

HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक, कान, गला विभाग
● सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
● ऑपरेशन द्वारा ईलाज
● नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
● टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
● दांतो की नसों का इलाज
● दांतों की सफाई व चमकाना
● दंत प्रत्यारोपण
● मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### टमाटर 15, फूलगोभी 40 रुपए किलो में बिकी

**जगदलपुर।** साप्ताहिक बाजार में रविवार को शहरीय के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र के सब्जी खरीददारों की भीड़ दिखी। बाजार में टमाटर 15, करेला 80, फूलगोभी 40, पत्तागोभी 30, भिंडी 50, आलू 30, प्याज 30, अदरक 180, लहसून 250, लालभाजी, पालकभाजी, मैथी 20 रूपए में 10 जूड़ी बिक रहा है।

### जैन समाज ने किया मानसी का सम्मान



**जगदलपुर।** हाल ही में यूपीएससी परिक्षा में चयनित जगदलपुर जैन समाज की कु.. मानसी जैन का श्वेतांबर जैन समाज ने माला श्रीफल और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। क्षेत्र, समाज और देश का नाम रोशन करने की शुभकामनाएं दीं इस अवसर पर मानसी के परिवार के सदस्यों के साथ जैन समाज के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### संत शिरोमणि सेन महाराज की जयंती धूमधाम से मनाया गया



**जगदलपुर।** बस्तर जिला सर्व सेन समाज के बैनर तले उसरीबेड़ा लोहडिगुड़ा में संत शिरोमणि सेन महाराज की 725 जयंती धूमधाम से मनाया गया कलश यात्रा निकाल कर जयकारा के साथ अतिथियों का स्वागत किया गया। सभी पार्टी के नेतागण शामिल हुये एवं प्रदेश कोषाध्यक्ष किशन सेन केश शिल्प कला बोर्ड के सदस्य विजय सेन प्रदेश संयुक्त सचिव मन्नू सेन महिला प्रकोष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष काजल सांडिल्य बस्तर संभाग प्रभारी रामेश्वर श्रीवास कोंडागांव जिलाध्यक्ष दीनू सेन आदि समाज के सियान जवान बच्चे मातृशक्ति सभी शामिल हुए। केश कला बोर्ड सदस्य विजय सेन के द्वारा बोर्ड अध्यक्ष नंद कुमार सेन अनुशंसा पर समाज में अच्छे कार्य करने वाले युवा बुजुर्ग महिला पुरुष आदि सभी का शाल मोमेटो से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने सभी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।

### सेमेस्टर परीक्षा के लिए आवेदन आज से

**जगदलपुर।** शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय ने जनवरी से जून 2025 सत्र के विभिन्न सेमेस्टरों की परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन की तिथि जारी कर दी है। ऑनलाइन 28 अप्रैल से प्रारंभ होकर 6 मई तक होगी। स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के द्वितीय, चतुर्थ और छठवें सेमेस्टर के नियमित, स्वाध्यायी(प्राईवेट) भूतपूर्व और एटीकेटी स्टूडेंट्स परीक्षा फार्म आनलाइन कर सकते हैं।

वार्ता : भानुप्रतापपुर मंडल के मतदान केंद्र 129 में पीएम के मन की बात सुनी गई

# हिंसा और नक्सली अशांति के लिए चर्चित छग में आज विज्ञान-तकनीक को बढ़ावा : पीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

- कार्यक्रम के 121 वें संस्करण का हुआ प्रसारण
- दंतेवाड़ा के विज्ञान केंद्र के बारे में भी रखीं बातें



भानुप्रतापपुर मंडल के मतदान केंद्र 129 भानबेड़ा में पीएम के मन की बात कार्यक्रम का 121वाँ संस्करण कार्यक्रम में शामिल हुए भाजपा मंडल अध्यक्ष डीगेश खापर्डे एवं भाजयुमो राजीव श्रीवास, स्थानीय शक्ति केंद्र संयोजक राममिलन शोरी के निवास पर मन की बात सुना गया। मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि साल 1917 अप्रैल-मई के महीने में भारत देश एक अनोखी लड़ाई लड़ रहा था। उस समय अंग्रेजों का अत्याचार उफान पर था एवं गरीब वंचित और किसानों का शोषण हो रहा था।

मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि बिहार की उपजाऊ धरती पर अंग्रेज किसानों को नील की खेती करने के लिए मजबूर करते थे। अंग्रेजी हुकूमत को इससे कोई मतलब नहीं था कि बंजर होती जमीन में और कोई फसल नहीं उग पा रहा था। तब महात्मा गांधी बिहार के चंपारण में पहुंचे और वहां से सत्याग्रह का शुरूआत किया। देश के पहले राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद भी बिहार की भूमि से ही आते हैं। उन्होंने उनके लिखे किताब सत्याग्रह इन चंपारण को हर युवा को पढ़ने के लिए कहा। कर्नाटक के सेब और अन्य राज्यों में विविध फसलों को उगाने वाले किसानों का भी जिक्र किया। प्रधानमंत्री ने पुनः भारत देश के 140 करोड़ नागरिक और उनके इच्छा शक्ति को नमन किया। उन्होंने एक पेड़ मां के नाम अभियान को हर संभव करने के लिए पुनः निवेदन किया। 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाने के लिए भी देशवासियों से अपील की। प्रधानमंत्री ने जल संवर्धन के लिए भी देशवासियों से अपील किया और ग्लोबल वार्मिंग से लड़ने के लिए पेड़ पौधों को लगाने पर जोर दिया। उन्होंने छत्तीसगढ़ का जिक्र करते हुए दंतेवाड़ा के विज्ञान केंद्र के बारे में बातें रखी। छत्तीसगढ़ एक समय तक हिंसा और नक्सली अशांति के लिए चर्चित हुआ करता था, लेकिन आज वहां विज्ञान और तकनीक को बढ़ावा मिल रहा है। प्रधानमंत्री ने प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए बनाए गए एप्लीकेशन सचेत के बारे में भी देशवासियों को जानकारी दी। मन की बात की चर्चा में मोदी ने भारत के सैटेलाइट लॉन्च पुलवामा हमला और उस पर जो अन्य देशों के संवेदनाएं पहुंच रही है। उसके बारे में भी देशवासियों को बताया और कहा कि मैं हमेशा 140 करोड़ भारतीयों के साथ खड़ा हूं और सबसे कठोरता जवाब हम दोषियों को देंगे।

### ये रहे मौजूद

इस कार्यक्रम में भानबेड़ा शक्ति केंद्र प्रभारी जितेंद्र पाण्डे, पूर्व मंडल महामंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता भागबली जैन, तीरथ श्रीवास अमित निषाद, जगमोहन चुरेंद्र, रजनी बाई, जैन बाई निषाद, हेमारायण टेकाम, गोदावरी यादव, कुंती भुअर्य, सुनोतिन कुंजाम, निरंजन बंजारे, ढलान सिंह राणा, रवि ठाकुर, संतोष बाजपेई, ललित गांधी, ज्वाला जैन, कांति हिंडको, लक्ष्मण कुलदीप, रमल कोर्राम, चैतुराम आंचला, जीवरखान सलाम, अरविंद जैन, गीते पटेल व परमेश्वर कावड़े आदि के नेतृत्व में मन की बात कार्यक्रम सुना गया।

# पहलगाम आतंकी हमला का विरोध कांग्रेस ने आतंकवाद का पुतला फूंका



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- दोषियों को तुरंत सजा दिलाई जाए

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए 28 निर्दोष भारतीयों के प्रति जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर आतंकवाद एवं पाकिस्तान का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया गया। पुतला दहन प्रदर्शन में उपस्थित कांग्रेस नेताओं ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि देश में बढ़ती आतंकी गतिविधियां बेहद चिंताजनक है। केंद्र सरकार को कठोर कदम उठाकर दोषियों को तुरंत सजा दिलानी चाहिए। बार-बार हो रहे आतंकी हमले से देश की आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़ा करती हैं। केंद्र सरकार की विदेश नीति पूरी तरह से विफल हो गई है। सरकार को राष्ट्रीय सुरक्षा को प्राथमिकता देना चाहिए। केंद्र सरकार की आतंकवादियों के ऊपर कड़ी कार्रवाई किए बिना आतंकी हमले नहीं रुकेंगे। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार से आतंकवाद के खिलाफ स्पष्ट नीति बनाने और सुरक्षा तंत्र को मजबूत करने की माँग किया है, ताकि ऐसी घटना की पुनरावृति न हो। विरोध प्रदर्शन में प्रदेश सचिव जितेन्द्र सिंह ठाकुर, नितिन पोटाई, मकबूल खान, सरजू शोरी, यासीन कराणी, लोमेन्द्र यादव, अजय रेणु, गफ्फार मेमन, ओमप्रकाश देवांगन, दीपक शोरी, मतीन खान, आनंद चौरसिया, जितेन्द्र वैध, विजय यादव, चंद्रलोक ठाकुर, सुमित राय, यास्मीन खान, रोशन आरा, निरंजन लाटिया, अमित साहू, ठाकुर राम सलाम आदि उपस्थित रहे।

# गणित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- छात्र-छात्राओं ने गणितीय ज्ञान एवं तर्कशक्ति का दिया परिचय

पैराडाइज हायर सेकेण्डरी सीबीएसई स्कूल में मिडिल कक्षा के छात्र छात्राओं के लिए गणित प्रश्न उत्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राएं अपने जिज्ञासा एवं मानसिक क्षमताओं का उपयोग करते हुए इस प्रतियोगिता में उत्साह और जोश के साथ बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेकर अपनी बौद्धिक, गणितीय एवं तर्कशक्ति का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

आयोजित प्रतियोगिता में चार ग्रुप ए, बी, सी एवं डी बनाए गए जिसमें सभी ग्रुप अपने ज्ञान एवं तर्कशक्ति से सभी प्रश्नों का बहुत सहज तरीके से जवाब दिया। इस प्रतियोगिता में ग्रुप ए में वासनी साहू, काव्यांश कोड़ोपी, प्रेरणा यादव, गर्व यादव, गुलाम मोहम्मद, ग्रुप बी में सनाया मेश्राम, यशस्वी पोर्ते, कुनाल साहू, शर्मिष्ठा दास, अर्श अली बेग, ग्रुप सी में शगुन पासवान, यमन मरकाम, यशिका तुरकर, राबिया फातिमा, हामीद अली, ग्रुप डी में डेमन यादव, निशा सलाम, सानिध्य सिंह, तेजस्वी देवांगन, सौम्या कोड़ोपी ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम विजेता ग्रुप डी, द्वितीय स्थान ग्रुप ए तथा तृतीय स्थान ग्रुप सी ने हासिल किया एवं सभी छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। प्रश्न उत्तरीय प्रतियोगिता के आयोजन करने का उद्देश्य छात्र-छात्राओं में गणित विषय के प्रति रुचि, अपने स्मरण शक्ति को और तेज करना तथा प्रश्नों के माध्यम से गणित विषय के प्रति उनकी जिज्ञासा एवं तर्कशक्ति क्षमता का प्रदर्शन किया।

### इनका रहा योगदान

इस कार्यक्रम के इंचार्ज शिक्षक सुकदेव सरकार, रिंकी सेठी, टाकेश्वर साहू, तीरथ साहू, रीया सोनी, अवतार सिंह, दीपांजली गोगोई, संगीता भारती, अनिल कुमार ढाके, लक्ष्मीनारायण नामदेव का विशेष मार्गदर्शन रहा। इस ज्ञानवर्धक कार्यक्रम को संपन्न कराने में प्राचार्य रश्मि रजक, उप प्राचार्य हरेंद्र गोलुगुरी, एडमिनिस्ट्रेटर हामिद खान, कोऑर्डिनेटर पूनम जीत कौर, वरिष्ठ शिक्षक प्रीति झा आदि सभी शिक्षकों का योगदान रहा।

# बुदेली में सेवानिवृत्त शिक्षकों को दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना

- भगत व मरकाम को शिक्षा क्षेत्र में योगदानों को किया नमन



गुरु वो दीपक है जो स्वयं जलकर औरों को रास्ता दिखाता है। इसी भावना को साकार करते हुए संकुल स्रोत केंद्र बुदेली अंतर्गत माध्यमिक शाला कन्हनपुरी में संकुल स्तरीय सम्मान सह विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त संकुल प्राचार्य आरआर भगत और सेवानिवृत्त प्रधान अध्यापक रामसुंदर मरकाम को उनके दशकों के शैक्षिक योगदानों के लिए सम्मानित करते हुए ससम्मान विदाई दी गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ संकुल समन्वयक सतीश साहू के वक्तव्य से हुआ, जिसमें उन्होंने दोनों शिक्षकों की संक्षिप्त जीवनी, कार्ययात्रा और शैक्षणिक उपलब्धियों को रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि आरआर भगत एक अनुशासित, दूरदर्शी और प्रेरणादायक शिक्षक रहे हैं, जिन्होंने शिक्षा को सिर्फ नौकरी नहीं बल्कि सेवा का माध्यम माना। वहीं रामसुंदर मरकाम का 44 वर्षों का सेवाकाल उनके धैर्य, समर्पण और छात्रों के प्रति अपार प्रेम का प्रमाण रहा। समारोह कि मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष तारा ठाकुर ने मंच से बड़े गर्व से कहा कि वे स्वयं आरआर भगत की शिष्या रही हैं और उनसे राजनीति विषय पढ़कर ही जीवन में आगे बढ़ पाईं। यह गुरु-शिष्य परंपरा की जीवंत मिसाल थी, जहां एक शिष्या अपने गुरु को मंच से सम्मानित कर रही थी। उन्होंने गुरुजनों को सम्मान पत्र प्रदान करते हुए उनके दीर्घायु, स्वस्थ और सुखद जीवन की कामना की। शिक्षक आरआर भगत ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि उन्होंने शिक्षकीय जीवन में जो भी दायित्व निभाए, उन्हें पूरी निष्ठा से निभाने का प्रयास किया। उन्होंने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए सदैव सजग रहकर कार्य किया, जिसमें समुदाय, पालक और शिक्षकों का पूरा सहयोग मिला।

रामसुंदर मरकाम ने कहा कि उनके 44 वर्षों के लंबे शैक्षिक जीवन में केवल एक ही ध्येय रहा बच्चों के भविष्य को सँवारना। उन्होंने कहा कि उनका मूल्यांकन तो समाज और पालक ही बेहतर कर सकते हैं, पर उन्होंने सदैव अपने कार्य को पूजा समझकर किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि जनपद सदस्य चंद्रभान भानु नेताम, सरपंच माधव नेताम, बीआरसी भूपेन्द्र गंगबेर, नागेन्द्र सुरोजिया, आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए और सेवानिवृत्त शिक्षकों को प्रेरणास्रोत बताते हुए उन्हें समाज के लिए आदर्श बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वर्तमान संकुल प्राचार्य पीएल साहू ने किया एवं इस अवसर पर संकुल के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं की ओर से दोनों शिक्षकों को स्मृति चिन्ह, पुष्प गुच्छ और अंगवस्त्र प्रदान कर उनका अभिनंदन किया गया। समारोह में रसोइया और अंशकालिक स्वीपरों को भी संकुल स्तर पर सम्मानित किया गया, जो यह दर्शाता है कि विद्यालय और संकुल व्यवस्था में हर एक योगदानकर्ता को समान मान्यता दी जा रही है। कार्यक्रम का संचालन हेमन्त मरकाम ने किया

इस दौरान भूपेन्द्र गंगबेर बीआरसी नरहरपुर, उमेश कृशाने सीएसी बासनवाही, सुरेखा मंडावी सीएसी किशनपुरी, ग्राम पंचायत कन्हनपुरी के पंचगण, संकुल समन्वयक सतीश साहू एसएमसी सदस्यगण एवं सभी स्वीपर उपस्थित रहे।

# चोरी की बाइक के साथ आरोपी हुआ गिरफ्तार, भेजा गया जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



घर के सामने खड़ी बाइक को चोरी करने वाले आरोपी को बोधघाट पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से चोरी की बाइक जब्त कर न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उसे न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया।

चोरी कि रिपोर्ट दर्ज कराते हुए प्रार्थी आसमन चंदेल ने बताया कि 25 अप्रेल की शाम वह अपनी बाईक खड़ी किया था जिसे अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी शलभ कुमार सिन्हा व एएसपी माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन व सीएसपी आकाश श्री श्रीमाल के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी बोधघाट लीलाधर राठौर के नेतृत्व में टीम गठित किया गया था। टीम द्वारा घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन कर संदेह के आधार पर आरोपी हिमांशु यादव 19 वर्ष निवासी पटनमपारा देवी चौक सुकमा को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया। पूछताछ में आरोपी ने चोरी करना स्वीकार किया उसके कब्जे से चोरी की बाइक क्रमांक सीजी 17 केएफ 4667 कीमत 45 हजार रूपए बरामद किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेजा गया। कार्रवाई में निरीक्षक लीलाधर राठौर के अलावा एसआई अरूण मरकाम, नारायण कलामे व राकेश मंडावी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# आत्मविश्वास, समय प्रबंधन और साक्षात्कार की तैयारी पर छात्राओं को दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

धरमू माहरा शासकीय कन्या पॉलिटेक्निक, जगदलपुर में 21 से 26 अप्रैल तक नांदी फाउंडेशन द्वारा अंतिम वर्ष एवं पूर्व छात्राओं के लिए 6 दिवसीय सॉफ्ट स्किल्स एवं व्यक्तित्व विकास कार्यक्रम का समापन हुआ।प्रशिक्षिका डोना गुहा ने संवाद कौशल, आत्मविश्वास निर्माण, टीम वर्क, समय प्रबंधन, समस्या समाधान, पेशेवर प्रस्तुति और साक्षात्कार तैयारी जैसे विषयों पर प्रभावी प्रशिक्षण दिया। इंटरएक्टिव सेशन्स और व्यावहारिक अभ्यासों के माध्यम से प्रतिभागियों के करियर कौशल में उल्लेखनीय सुधार हुआ। प्रतिभागियों से मिली प्रतिक्रियाएँ उत्साहजनक रहीं। समापन समारोह में प्राचार्य एस.के. त्रिवेदी ने नांदी फाउंडेशन और प्रशिक्षिका का आभार व्यक्त करते हुए जीवन और करियर के निर्माण में सॉफ्ट स्किल्स की महत्ता पर प्रकाश डाला। बी.एल. देवांगन ने छात्राओं को इस तरह के कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया और जीवन में असफलताओं से सीखकर आगे बढ़ने का संदेश दिया।

# माटवाड़ा में अंगना मां शिक्षा 4.0 की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- 6 नए बच्चे हुए शामिल
- स्मार्ट माताओं को क्राउन लगाकर बढ़ाया गया उत्साह



शिक्षा को घर-घर तक पहुंचाने की दिशा में छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वाकांक्षी योजना अंगना मां शिक्षा 4.0 अब ब्लॉक कांकेर के माटवाड़ा पटेलपारा में भी रंग ला रही है। इस कार्यक्रम में स्मार्ट माताओं को क्राउन लगाकर क उनका उत्साह बढ़ाया गया तथा इस कार्यक्रम में होने वाली गतिविधि में जो नवप्रवेशित बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया, जिससे स्थानीय बच्चों और अभिभावकों में उत्साह देखा जा रहा है। अंगना में शिक्षा पढ़ाई तिहार कार्यक्रम के इस पहल के चलते स्कूल में 6 नए बच्चों का नामांकन हुआ है, जिनमें से कई पहली बार स्कूल से जुड़ रहे हैं। इसमें बच्चों ने बहुत ही अच्छे से टास्क पूर्ण किया। प्रधान अध्यापक पूर्णिमा गेडाम ने बताया अंगना मां शिक्षा 4.0 के कारण अब गांव के बच्चे भी तकनीकी शिक्षा का लाभ ले पा रहे हैं। माता-पिता भी बच्चों की पढ़ाई को लेकर अब जागरूक हो रहे हैं। स्थानीय आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और ग्राम पंचायत सदस्यों ने भी इस योजना में सक्रिय भूमिका निभाई है। अभिभावकों का कहना है कि अब उन्हें अपने बच्चों के भविष्य को लेकर नई उम्मीद दिख रही है। इस तरह माटवाड़ा पटेलपारा जैसे ग्रामीण इलाकों में शिक्षा 4.0 के जरिए एक नई शैक्षणिक क्रांति की शुरुआत हो चुकी है, जो आने वाले समय में पूरे कांकेर जिले के लिए एक मिसाल बनेगी। कार्यक्रम में ग्राम सरपंच भावेश गोटा, उपसरपंच व पंचगढ़ संकुल समन्वयक लक्ष्मीकांत साहू उपस्थित हुए व गांव की स्मार्ट माताओं के साथ अन्य माताएं भी सम्मिलित हुई।

### प्रभारी सचिव लेंगे समीक्षा बैठक आज

**जगदलपुर।** राज्य शासन के लोक निर्माण विभाग के सचिव एवं प्रभारी सचिव जिला बस्तर डॉ. कमलप्रीत सिंह कल 28 अप्रैल को जिले के प्रवास पर विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक लेंगे। प्रभारी सचिव 28 अप्रैल को कलेक्टोरेट के प्रेरणा कक्ष में पूर्वान्ह 11 बजे से सुशासन तिहार अंतर्गत प्राप्त आवेदन पत्रों के निराकरण प्रगति सहित पंचायत एवं ग्रामीण विकास खेल एवं युवा कल्याण इत्यादि विभागों की योजनाओं के क्रियान्वयन तथा विभागीय गतिविधियों की समीक्षा करेंगे।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

# पेयजल की संकट को लेकर स्टील लिमिटेड हाहालदी को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल



विकासखंड दुर्गुकोंदल में स्थित मिवान स्टील लिमिटेड के अंतर्गत ग्राम पंचायत समस्याओं को लेकर माइंस प्रबंधन मिवान स्टील लिमिटेड के नाम ग्राम पंचायत के सरपंच शकुंतला नेरेटी के द्वारा ज्ञापन सौंपा है। विभिन्न कार्यों को डीएमएफ मद से करने की मांग किया। सरपंच शकुंतला नरेटी ने बताया है कि ग्राम पंचायत दुर्गुकोंदल में विभिन्न समस्या है।

इसको लेकर ग्राम पंचायत दुर्गुकोंदल के वार्ड पंचों के साथ ज्ञापन सौंपा हैं, जिसमें ग्राम के गायता पारा में हैंडपंप की स्थापना, मुख्य चौक में हैंडपंप सोलर पैनल की स्थापना, ग्राम पंचायत भवन बोर खनन कार्य थानापारा में सोलर पैनल की स्थापना, बाजार पारा के मुख्य चौक अशोक जैन घर के पास हैंडपंप में सोलर पैनल की स्थापना सहित विभिन्न समस्याओं को लेकर मिवान स्टील लिमिटेड को ज्ञापन सौंपा। जिसमें माइंस प्रबंधन ने आश्वासन देकर कार्य करने की बात कही। इस अवसर पर वार्ड पंच सावित्री बघेल, करिश्मा दुग्गा, अंजू दुग्गा, उतरा वारे, संजय उसेंडी, सोमाराम नेताम, मनीषा मंडावी एवं अन्य वार्ड पंच उपस्थित रहे।



